Noida Toll Bridge Co. Ltd.

DND FLYWAY

# MEDIA RELEASE

**February 11, 2026, Noida-Delhi**

## NTBCL TO RESUME REPAIR & UPGRADATION WORKS ON DND FLYWAY FROM MID-FEBRUARY; COMPLETION PLANNED BY MARCH

### New Delhi / Noida | February 11, 2026

Noida Toll Bridge Company Limited (NTBCL), the concessionaire of DND Flyway, today announced the planned resumption of upgradation, repair & maintenance works on the Flyway with execution expected to commence from **February 12 onwards**, subject to prevailing operational conditions.

The repair and upgradation works on the DND Flyway, which was **initiated in October 2025, has been facing delays** on account of **GRAP IV related restrictions** and **winter temperature conditions**, which had impacted the availability and execution window for bituminous works on the flyway.

Bituminous road works require regular availability and **specific ambient temperature thresholds** to ensure proper laying, bonding, and long-term performance of the carriageway.

Bitumen availability and transportation remains a key challenge and lower ambient temperatures during peak winter months restrict both the availability of suitable bitumen, quality of laying and the safe execution window for such works on the carriageway.

Execution of the road works is **expected to resume on or around February 12**, subject to the availability of bitumen, suitable temperature conditions, necessary regulatory, traffic movement, and other related permissions. **Completion of the overall repair and upgradation program is planned by March 2026**, contingent upon these dependencies.

NTBCL is working closely with contractors, suppliers, and relevant authorities to re-align material availability, movement approvals, and execution schedules, with the objective of ensuring **engineering quality, commuter safety, and minimal disruption to traffic**

A**pproximately 70 per cent of the overall scope of work relates to road and carriageway upgradation**, while the **remaining work is currently under progress and will be completed shortly**.

The DND Flyway remains a vital urban infrastructure corridor, facilitating seamless connectivity between Delhi and Noida for over **2.5 lakh commuters daily**. NTBCL reaffirmed its commitment to maintaining the Flyway as one **of the best in-class infrastructure asset**, with safety, durability, and service continuity as core priorities.

“While certain external factors impacted timelines, NTBCL remains focused on completing the works efficiently without compromising on quality or commuter safety,” an NTBCL spokesperson said.

NTBCL will continue to keep stakeholders informed as the work progresses and thanks commuters for their cooperation and understanding.

For Media Queries:comms@ntbcl.com; www.ntbcl.com

Noida Toll Bridge Co. Ltd.

DND FLYWAY DELHI NOIDA DIRECT

# मीडिया विज्ञप्ति

**नई दिल्ली / नोएडा | 11 फरवरी, 2026**

## एनटीबीसीएल फरवरी मध्य से डीएनडी फ्लाईवे पर मरम्मत एवं उन्नयन कार्य पुनः आरंभ करेगा; मार्च तक कार्य पूर्ण करने की योजना

डीएनडी फ्लाईवे की रियायतधारी कंपनी नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड (एनटीबीसीएल) ने आज घोषणा की कि फ्लाईवे पर उन्नयन, मरम्मत एवं रखरखाव कार्यों को पुनः आरंभ करने की योजना बनाई गई है। इन कार्यों का क्रियान्वयन **12 फरवरी से,** वर्तमान परिचालन परिस्थितियों के अधीन, आरंभ होने की संभावना है।

डीएनडी फ्लाईवे पर मरम्मत एवं उन्नयन कार्यों की शुरुआत अक्टूबर 2025 में की गई थी। हालांकि, जीआरएपी चरण-IV (GRAP IV) से संबंधित प्रतिबंधों तथा शीतकालीन तापमान स्थितियों के कारण इन कार्यों में विलंब हुआ, जिससे फ्लाईवे पर बिटुमिनस (डामर आधारित) कार्यों की उपलब्धता और निष्पादन समय-सीमा प्रभावित हुई।

बिटुमिनस सड़क कार्यों के लिए नियमित सामग्री उपलब्धता एवं उपयुक्त परिवेश तापमान अत्यंत आवश्यक होता है, ताकि सड़क की परत का समुचित बिछाव, मजबूती से चिपकाव तथा दीर्घकालिक प्रदर्शन सुनिश्चित किया जा सके।

साथ ही, बिटुमिन की उपलब्धता एवं उसका परिवहन एक प्रमुख चुनौती बना हुआ है। कड़ाके की सर्दी के दौरान कम परिवेश तापमान के कारण न केवल उपयुक्त बिटुमिन की उपलब्धता प्रभावित होती है, बल्कि सड़क पर गुणवत्ता-पूर्ण बिछाव एवं सुरक्षित कार्य निष्पादन की समय-सीमा भी सीमित हो जाती है।

सड़क मरम्मत एवं उन्नयन कार्यों के 12 फरवरी के आसपास पुनः आरंभ होने की संभावना है, जो कि बिटुमिन की उपलब्धता, अनुकूल तापमान परिस्थितियों, आवश्यक नियामकीय अनुमतियों, यातायात प्रबंधन तथा अन्य संबंधित स्वीकृतियों पर निर्भर करेगा।

सम्पूर्ण मरम्मत एवं उन्नयन कार्यक्रम को मार्च 2026 तक पूर्ण करने की योजना बनाई गई है, जो उपरोक्त निर्भरताओं के अधीन होगी।

एनटीबीसीएल ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं तथा संबंधित प्राधिकरणों के साथ समन्वय कर सामग्री की उपलब्धता, परिवहन स्वीकृतियों एवं कार्यान्वयन कार्यक्रमों को पुनः संरेखित कर रहा है, ताकि इंजीनियरिंग गुणवत्ता, यात्रियों की सुरक्षा तथा यातायात में न्यूनतम व्यवधान सुनिश्चित किया जा सके।

कुल कार्य-क्षेत्र का लगभग 70 प्रतिशत भाग सड़क एवं कैरिजवे उन्नयन से संबंधित है, जबकि शेष कार्य वर्तमान में प्रगति पर है और शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

डीएनडी फ्लाईवे दिल्ली और नोएडा के बीच प्रतिदिन 2.5 लाख से अधिक यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण शहरी अवसंरचना गलियारा बना हुआ है। एनटीबीसीएल ने फ्लाईवे को श्रेष्ठ-श्रेणी की अवसंरचना परिसंपत्ति के रूप में बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है, जिसमें सुरक्षा, टिकाऊपन एवं सेवा निरंतरता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है।

एनटीबीसीएल के एक प्रवक्ता ने कहा,"कुछ बाहरी कारकों के कारण समय-सीमा प्रभावित हुई, किंतु एनटीबीसीएल गुणवत्ता या यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता किए बिना कार्यों को कुशलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है।"

एनटीबीसीएल कार्यों की प्रगति के संबंध में सभी हितधारकों को निरंतर जानकारी देता रहेगा तथा यात्रियों के सहयोग एवं समझ के लिए आभार व्यक्त करता है।

**मीडिया से संबंधित प्रश्नों के लिए:ईमेल:** comms@ntbcl.com; **वेबसाइट:** www.ntbcl.com